# समाचार

## सुशासन तिहार–2025

# '' सबका साथ–सबका विकास '' के मूलमंत्र के साथ जनसमस्याओं के निराकरण हेतु प्रतिबद्ध है प्रदेश सरकार – महापौर

## (महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत पहुंची कोसाबाड़ी समाधान शिविर, किया शिविर का निरीक्षण, पार्षद व अधिकारीगण रहे उपस्थित )




कोरबा 14 मई 2025 – महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने सुशासन तिहार–2025 के तहत नगर पालिक निगम कोरबा के कोसाबाड़ी जोन कार्यालय में आयोजित समाधान शिविर को संबोधित करते हुए आज कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिए गए '' सबका साथ–सबका विकास '' के मूलमंत्र के साथ मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की अगुवाई में प्रदेश सरकार जनता जनार्दन की समस्याओं के निराकरण हेतु पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है और इस प्रतिबद्धता का प्रत्यक्ष उदाहरण सुशासन तिहार–2025 का यह आयोजन है। उन्होने कहा कि सुशासन तिहार के माध्यम से प्रदेश की जनता की लाखों छोटी–बड़ी समस्याएं दूर की गई हैं, मांगे पूरी हो रही हैं।

यहॉ उल्लेखनीय है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देशों के अनुरूप सम्पूर्ण छत्तीसढ़ राज्य व कोरबा जिले के साथ–साथ नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र में भी सुशासन तिहार–2025 का आयोजन किया जा रहा है, आयोजन के तीसरे चरण में समाधान शिविर लगाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज नगर पालिक निगम कोरबा के कोसाबाड़ी जोन कार्यालय में समाधान शिविर का आयोजन किया गया, शिविर में नगर पालिक निगम कोरबा के विभिन्न विभागों निर्माण, जल प्रदाय, विद्युत, प्रधानमंत्री आवास योजना, सम्पत्तिकर, संपदा, अतिक्रमण, स्थापना, स्वच्छता, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन कार्ड, सहित जिले के विभिन्न विभागों यथा राजस्व विभाग, श्रम

विभाग, स्वास्थ्य विभाग, आयुष विभाग, वन विभाग, महिला एवं बाल विकास, समाज कल्याण, खाद्य विभाग, कृषि विभाग, मत्स्य विभाग, शिक्षा विभाग, आदिवासी विकास विभाग, कौशल विकास योजना सहित अन्य विभागों के स्टाल लगाए गए थे, जिनके माध्यम से आमनागरिकों द्वारा प्रस्तुत किए गए विभिन्न शिकायतों, समस्याओं व मांगों से संबंधित आवेदनों के निराकरण की जानकारी प्रदान की गई। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने शिविर में पहुंचकर वहॉ पर स्थापित विभिन्न विभागों के स्टालों का निरीक्षण किया तथा विभागवार निराकरण की स्थिति की जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए। इस मौके पर महापौर श्रीमती राजपूत ने आगे कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय, नगरीय प्रशासन मंत्री व उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव तथा उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन के द्वारा प्राप्त हो रहे निरंतर मार्गदर्शन व आशीर्वाद से कोरबा का तेजी से विकास हो रहा है, उन्होने कहा कि मैं क्षेत्र की जनता को यह विश्वास व भरोसा दिलाती हूॅ कि आपकी प्रत्येक समस्या के निराकरण व मूलभूत सुविधाओं की सतत उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए मैं पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध हूॅ तथा आगे आने वाले समय में अपना कोरबा समस्याविहीन कोरबा बने, इस दिशा में पूरी इच्छाशक्ति के साथ कार्य किए जा रहे हैं। समाधान शिविर के दौरान आज महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत एवं उपस्थित अतिथियों ने हितग्राहियों को राशन कार्डो का वितरण भी किया।

**सुशासन तिहार जनहितैषी सोच को कर रहा परिलक्षित** – समाधान शिविर को संबोधित करते हुए वरिष्ठ पार्षद श्री नरेन्द्र देवांगन ने अपने उद्बोधन में कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की पहल पर सुशासन तिहार–2025 का सफल आयोजन किया जा रहा है, सुशासन तिहार का यह आयोजन सरकार की जनहितैषी सोच को परिलक्षित कर रहा है, इसके माध्यम से एक ओर जहॉ प्रदेश की जनता की समस्याओं व शिकायतों का त्वरित निराकरण हो रहा है, वहीं विकास को सही गति व दिशा प्राप्त हो रही है। उन्होने कहा कि उप मुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री श्री अरूण साव एवं उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन के मार्गदर्शन तथा महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत के दिशा निर्देशन में नगर पालिक निगम कोरबा के सभी 67 वार्डो का समान रूप से विकास किया जा रहा है, इसके परिणाम स्वरूप कोरबा का सर्वागीण विकास सुनिश्चित है।

**आमजनता की अपेक्षाएं पूरी कर रहा सुशासन तिहार** – इस मौके पर वरिष्ठ पार्षद व निगम के पूर्व सभापति श्री अशोक चावलानी ने अपने उद्बोधन में कहा कि सुशासन तिहार के माध्यम से आमजनता की अपेक्षाएं पूरी हो रही हैं, जहॉ तक नगर निगम कोरबा का प्रश्न है तो निश्चित रूप से आमजनता को निगम से ज्यादा अपेक्षाएं होती हैं, निगम की जिम्मेदारी भी ज्यादा है, मैं विश्वास रखता हूॅ कि क्षेत्र की जनता की अपेक्षाएं निगम के माध्यम से और अधिक बेहतर स्वरूप से पूरी होंगी। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय व नगरीय प्रशासन मंत्री श्री अरूण साव को धन्यवाद है कि उनके द्वारा सम्पूर्ण प्रदेश में सुशासन तिहार का यह सफल आयोजन कराया गया है, जिसका सीधा लाभ प्रदेश की जनता को मिला है।

समाधान शिविर के दौरान निगम के प्र.आयुक्त विनय मिश्रा, पार्षद नरेन्द्र देवांगन, अशोक चावलानी, चन्द्रलोक सिंह, मुकेश राठौर, सुखसागर निर्मलकर, ममता यादव, चन्द्रकली जायसवाल, अजय गोंड़, पंकज देवांगन, प्रताप सिंह कंवर, राकेश वर्मा, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आरिफ खान, अधीक्षण अभियंता सुरेश बरूवा, उपायुक्त बी.पी.त्रिवेदी व पवन वर्मा, जोन कमिश्नर भूषण उरांव, एन.के.नाथ, अखिलेश शुक्ला, प्रकाश चन्द्रा, विनोद शांडिल्य, राकेश मसीह, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, जनसंपर्क अधिकारी रावेन्द्र सिंह, निगम सचिव रामेश्वर सिंह कंवर, सहायक अभियंता राहुल मिश्रा, पीयूष राजपूत, रमेश सूर्यवंशी, एम.एल.बरेठ, राजस्व अधिकारी अनिरूद्ध सिंह, आकाश अग्रवाल, सुमित गुप्ता, अभय मिंज, विनोद गोंड़, अंजुला अनंत आदि के साथ जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारीगण तथा काफी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।